# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 16** **अप्रैल-जून 2018**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री ए.के. ज्योतिषी**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री अमितेश भरत सिंह**

**अपर आयुक्त(प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**कनिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## जीएसटी दिवस 2018





दिनांक 01.07.2018 को प्रथम जी.एस.टी. दिवस का आयोजन किया गया बेंगलूरु में धूमधाम से मनाया गया ।

# जीएसटी दिवस

**केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2018 के पूर्वाह्न 10:00 बजे एच.ए.एल. कन्वेशन सेंटर, पुराने एयरपोर्ट रोड, बेंगलूरु में जी.एस.टी. दिवस 2018 को धूमधाम यथापूर्वक रूप से मनाया गया । भारत का भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री एस. राजेन्द्र बाबु ने इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि का भार वहन किया । केंद्रीय कर(जी.एस.टी.), कर्नाटक के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य आयुक्त श्री एम. विनोद कुमार ने जी.एस.टी. पर मूल विचार प्रकट करने विशेष वक्ता का भार वहन किया । भारतीय अंतरिक्ष संगठन के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ.के. राधाकृष्णन एवं टयोटा किर्लोस्कर के उपाध्यक्ष श्री शेखर विश्वनाथन दोनों ने माननीय अतिथियों के रूप में उपस्थित थें । केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ।**



**मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया । श्रीमती लता वेंकटरामन, अधीक्षक, जी.एस.टी., उत्तर आयुक्तालय, बेंगलूरु ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया । तदुपरांत केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के श्री अमितेश भरत सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । फिर, केंद्रीय कर(जी.एस.टी.), कर्नाटक के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य आयुक्त श्री एम. विनोद कुमार ने जीएसटी के एक वर्ष गॉठ पर अपने विचार प्रस्तुत किए । भारतीय अंतरिक्ष संगठन के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ.के. राधाकृष्णन एवं टयोटा किर्लोस्कर के उपाध्यक्ष श्री शेखर विश्वनाथन, दोनों ने माननीय अतिथि के रूप में भाषण दिया । फिर व्यापार क्षेत्र से ईकायों को और अधिकारियों को प्रशंसा पत्रों से नवाज़ा गया । इसके बाद, भारत का भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री न्यायाधीश एस. राजेन्द्र बाबु ने अपने मुख्य अतिथि भाषण दिया । तदुपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी ने अपनी अध्यक्षता भाषण दी । केंद्रीय कर की सहायक आयुक्त सुश्री अमृता जैन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । सुश्री अक्षता श्रीनिवास, सहायक आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय एवं श्री ए.एन. मंजुनाथ, सहायक आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय ने कार्यक्रम का संचालन किया ।**



# सांस्कृतिक कार्यक्रम

जी.एस.टी. दिवस समारोह 2018 का दूसरा हिस्सा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 12:30 बजे को किया गया । इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मशहूर कन्नड़ अभिनेता श्री यश ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी सुश्री वेदा कृष्णमूर्ति माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थीं । कन्नड़ अभिनेत्री सुश्री हर्षिका पूनाचा, सुश्री सोनु गौड़ा, सुश्री वैश्नवी एवं सुश्री नेहश्री बी. पाटिल विशेष आमंत्रितगण के रूप में उपस्थित थीं । केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । सुप्रसिद्ध कन्नड़ फिल्मी अभिनेत्री सुश्री काव्या शास्त्री ने मंच का संचालन किया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री सिंचन दीक्षित द्वारा कुछ प्रसिद्ध गाने का प्रस्तुतीकरण । फिर, प्रख्यात बॉसुरी वाद्यकार श्री अमित नाडिग द्वारा किया गया । तदुपरांत सुप्रसिद्ध गायकी कुमारी कनक जोशी ने कव्वाली प्रस्तुत की । फिर जी.एस.टी. दिवस के संदर्भ में आयोजित खेलकूद में विजेताओं को पुरस्कारों से नवाज़ा गया । इसके बाद, केंद्रीय कर के अधिकारी तथा अधिकारियों के बच्चों द्वारा नृत्य एवं गीत प्रदर्शन । धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।











## हिंदी कार्यशाला

**केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा प्रत्येक तिमाही में, आवर्तन के तौर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । जून, 2018 तिमाही के लिए नासिन, बेंगलूरु के तत्वावधान में सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 18.07.2018 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत संवर्ग 'क' अधिकारियों के लिए एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । बेंगलूरु आयकर विभाग की उपनिदेशक (राजभाषा) श्रीमती मीना श्रीवास्तव ने "राजभाषा नीति" पर व्याख्यान दी । लगभग 27 अधिकारियों ने भाग लिया ।**










### विशेष घोषणा

बेंगलूरु अंचल के सभी आयुक्तालयों में कार्यरत अधिकारियों से अनुरोध है कि वे दिनांक 31 जुलाई 2018 तक वर्ष 2017-18 में सरकारी कामकाज (टिप्पण एवं आलेखन) मूल रूप से हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के प्रपत्रों को संबंधित आयुक्तालयों के प्रशासन अनुभाग को सौंपा जाए ।

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां या फिर कोई कविता, लेख, आदि हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें निम्न ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

| | |
|---|---|
| cexhindicell@gmail.com | आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं । ☆ |